न्यूज़लेटर

31 मई, 2026

भारत प्रधानमंत्री मोदी की गलतियों की कीमत चुका रहा है

जैसे-जैसे जनता की परेशानियां बढ़ रही हैं और दुनिया भर में अनिश्चितता गहराती जा रही है, मोदी सरकार जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी से पीछे हट गई है। **NEET और CBSE परीक्षा प्रक्रिया में सरकार की जो शर्मनाक लापरवाही सामने आई है, उससे लाखों छात्रों और अभिभावकों का भरोसा टूटा है। इससे यह बात भी साबित हो गई है कि सरकार को भारत के भविष्य की कोई परवाह नहीं है।** इस बीच, ईंधन की बढ़ती कीमतें और पश्चिम एशिया में बढ़ती अस्थिरता, उन कामकाजी परिवारों पर और भी ज़्यादा बोझ डाल रही हैं जो पहले से ही अपना गुज़ारा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

अपने ही छात्रों के खिलाफ तैयार की गई परीक्षा

राहुल गांधी ने उन लाखों छात्रों के प्रति सहानुभूति जताई, जिन्होंने NEET के लिए दिन-रात मेहनत की, लेकिन सरकार ने उनके साथ धोखा किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने शिक्षा व्यवस्था में RSS के अयोग्य वफादारों को भरकर, इसे सुनियोजित तरीके से तबाह करने का काम किया है। इसके परिणामस्वरूप महज़ एक दशक में ही 80 पेपर लीक की घटनाएं हुई हैं। **राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री से मांग की कि वे अपनी ज़िम्मेदारी से बचने वाले शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा लें और पेपर लीक के लिए ज़िम्मेदार लोगों को जेल भेजें।**

उन्होंने एक ऐसे परिवार से भी बात की, जिनके बच्चे ने पेपर लीक के कारण आत्महत्या कर ली थी।

पूरी बातचीत यहां देखें।



हमारे बच्चे जवाब के हकदार हैं

राहुल गांधी उन लाखों छात्रों और अभिभावकों के साथ खड़े हुए, जिनका भविष्य CBSE कक्षा 12 की परीक्षाओं में हुई हेराफेरी के कारण खतरे में पड़ गया है। उन्होंने बताया कि COEMPT नाम की एक कंपनी, जिसे पहले तेलंगाना में इसी तरह की गड़बड़ी के लिए ब्लैकलिस्ट किया गया था, उसे CBSE का कॉन्ट्रैक्ट दे दिया गया। **राहुल गांधी ने कुछ ज़रूरी सवाल उठाए: ब्लैकलिस्टेड कंपनी COEMPT को CBSE का कॉन्ट्रैक्ट किसने दिया? किन प्रक्रियाओं को नज़रअंदाज़ किया गया? प्रधानमंत्री चुप क्यों हैं?** राहुल गांधी ने एक स्वतंत्र न्यायिक जांच और SIT गठन की भी मांग की।

वीडियो यहां देखें।

आर्थिक तूफ़ान आ रहा है

राहुल गांधी ने चेतावनी दी कि भारत पर एक आर्थिक तूफ़ान मंडरा रहा है, और सरकार इसके लिए बिल्कुल तैयार नहीं है। जहां एक तरफ़ प्रधानमंत्री मोदी नागरिकों को गाड़ी कम चलाने, सोना न खरीदने और विदेश यात्रा से बचने की नसीहत दे रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ़ वे खुद इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ रील्स बनाने में व्यस्त हैं, और देश में बढ़ रही मुश्किलों से बेखबर हैं। **राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री की इस PR स्टंट की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि जब ईंधन और खाद के कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, उद्योग ठप पड़े हैं, और किसान बदहाल हैं, तब सरकार का ध्यान बस फ़ोटो-ऑप्स पर है।**

रैली यहां देखें।

एक नया अध्याय

केरलम के लिए एक नई उम्मीद

श्री वी.डी. सतीशन के केरलम के नए मुख्यमंत्री पद के शपथ-ग्रहण समारोह में राहुल गांधी उपस्थित रहे - यह क्षण उन सभी केरलम के लोगों के लिए गर्व की बात है, जिन्होंने बदलाव के पक्ष में अपना वोट दिया।

युवा समर्थकों से लेकर पार्टी के अनुभवी कार्यकर्ताओं तक, सभी ने उम्मीद और उत्साह के साथ एक ऐसी कांग्रेस-नेतृत्व वाली सरकार का स्वागत किया जो जनता को सबसे पहले रखती है।

समारोह यहां देखें।

एक नई पीढ़ी

नई आवाज़ • नई सोच

राहुल गांधी तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद पर थिरू जोसेफ विजय की शपथ-ग्रहण समारोह में शामिल हुए - यह अवसर भारतीय राजनीति में एक नई पीढ़ी के उदय का संकेत है। **इस सरकार में कांग्रेस की गौरवपूर्ण भागीदारी है। यह गठबंधन युवाओं के साथ अपने अटूट जुड़ाव के दम पर उम्मीदों, प्रगति और नई संभावनाओं से भरे भविष्य की ओर कदम बढ़ा रहा है।**

समारोह यहां देखें।

झलकियां

लद्दाख के युवाओं से मुलाक़ात की, जिन्होंने लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और इसकी संस्कृति, पहचान और पर्यावरण की रक्षा के लिए अपनी लड़ाई के बारे में बात की।

हिमाचल प्रदेश में 'संगठन सृजन अभियान' के तहत आयोजित जिला अध्यक्षों की ट्रेनिंग वर्कशॉप में शामिल हुआ।

मोहब्बत और भाईचारे का पैगाम देने के लिए हरियाणा के गुरुग्राम में सद्भाव यात्रा में शामिल हुआ।



प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर CBI निदेशक की पक्षपातपूर्ण नियुक्ति प्रकिया पर अपनी असहमति जाहिर की।

राही, रायबरेली में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीरा पासी जी की प्रतिमा का अनावरण किया। वीरा पासी जी की विचारधारा की रक्षा के लिए हम लड़ते रहेंगे।

वीर भूमि में राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

न्यूज़लेटर को **सब्सक्राइब** करने के लिए यहां क्लिक करें